# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22-8-23 | 4 | 1-5 |

# 2030 में कम होंगी 3.2 करोड़ नौकरियां युवाओं को नौकरी देने वाला बनना होगा

## एचएयू में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय




एचएयू में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से ही आर्थिक विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। वर्ष 2030 तक 3.2 करोड़ नौकरियां कम होने वाली हैं। ऐसे में युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना होगा।

युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक इंजीनियरिंग, आईटी के क्षेत्र में काम करना होगा। अपने क्षेत्र में नवाचार करना होगा। डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को लेकर काम करना पड़ेगा। दोगुने निर्यात के लक्ष्य को लेकर मेहनत करनी होगी। वे सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में विश्व उद्यमिता दिवस पर आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा और स्किल के बिना कोई उद्यमिता नहीं हो सकती। उद्यमिता के लिए हमें सबसे पहले शिक्षित होना होगा। अच्छी स्किल सीखनी होंगी। स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। अकेले हरियाणा में 4 हजार स्टार्टअप शुरू किए गए हैं। देशभर में अब तक 1.5 करोड़ लोगों को स्किल की ट्रेनिंग देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं।

### आदिवासी बेटी लक्ष्मी का किया जिक्र

राज्यपाल ने तेलंगाना राज्य की आदिवासी छात्रा लक्ष्मी का जिक्र करते हुए कहा कि गली-गली आइसक्रीम बेचने वाले की बेटी ने आईआईटी में सबसे बेस्ट रैंक पाई है। लक्ष्मी के माता-पिता कन्नय्या और शांतम्मा बिहार के डुम्मुगुडेम मंडल के कटयागुड गांव में रहते हैं। लक्ष्मी ने इंटरमीडिएट में 1000 में से 992 अंक पाए थे। जेईई एडवांस परीक्षा में 1371 रैंक प्राप्त कर आईआईटी पटना में दाखिला मिला। मैंने उस बेटी को फोन किया तो वो बेहद खुश हुई।

### युवा सोचने की क्षमता को करें विकसित

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि एचएयू उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है। इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर हर साल तीन से चार करोड़ रुपये का मुनाफा कमा चुके हैं। युवा अपने सपनों का पीछा करें, सोचने की क्षमता विकसित करें। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें।

### अचार वाली सुमित्रा को सराहा

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हिसार के गांव खेड़ी बर्की की रहने वाली सुमित्रा के अचार के स्टार्टअप को सराहा। राज्यपाल ने कहा कि इस महिला ने एचएयू से ट्रेनिंग लेकर अचार बनाने का काम शुरू किया। आज वह 40 हजार रुपये का अचार हर महीने बेच रही है, जिसमें 15 हजार रुपये उसकी बचत है। हमें इस तरह के उद्यम स्थापित करने होंगे। केयूके में हाल ही में हुए दीक्षांत समारोह में 45 में से 30 मेडल बेटियों ने जीते।

### सकारात्मक सोच से ही मिलेगी सफलता

प्रेरक वक्ता दीपक शर्मा ने कहा कि हमारे पास उद्यमिता एकमात्र विकल्प है। प्रेरक वक्ता भारत भूषण ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए उद्देश्य का स्पष्ट होना चाहिए। सहनशीलता, प्रेक्टिकल, सकारात्मक सोच, सही नजरिया, सहजता, हर कार्य के लिए उत्साहित के गुणों को अपनाएं। सकारात्मक सोच से हर सफलता को पाया जा सकता है। राज्यपाल ने सायना स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित हुईं 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए। 'एबिक के सफल स्टार्टअप' पुस्तिका का विमोचन किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 22.8.23 | 7 | 2-8 |

### एचएयू में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

# उद्यमिता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाकर ही बढ़ा सकते हैं विकास की गति : राज्यपाल

**उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है।**

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

राज्यपाल ने कहा कि कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया गया है। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही अग्रणीय काम कर रहा है।



हिसार। उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में उद्यमी को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

### हमारे पास उद्यमिता एकमात्र विकल्प : शर्मा

मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने वर्तमान समय में भारत में विभिन्न व्यवसायों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमारे पास उद्यमिता एकमात्र विकल्प है। राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित एबिक के सफल स्टार्टअप नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इससे पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रशिक्षित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय में बनने वाले 240 मकानों का शिलान्यास किया। इससे पहले छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने धन्यवाद किया। सम्मेलन में हकृवि के अतिरिक्त जिले के विभिन्न स्कूलों व महाविद्यालयों से भारी संख्या में छात्र व छात्राएं भी शामिल हुए।

### हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने को प्रयासरत : प्रो. काम्बोज

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ों रुपये कमा चुके हैं। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे अपने सपनों का पीछा करें, सोचने की क्षमता विकसित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-8-23 | 4 | 2-5 |

• गवर्नर ने 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण पत्र किए वितरित

# युवा उद्यमिता अपनाकर रोजगार देने वाले बनें : बंडारु दत्तात्रेय

भास्कर न्यूज़ | हिसार

उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह बात राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहीं। सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए सम्मेलन की अध्यक्षता एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने की। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान को स्टार्टअप्स आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया है। एचएयू में कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं है, जिसमें फसल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, चारा उत्पादन, पशुपालन एवं




हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पुस्तक का विमोचन करते हुए।

## हकृवि युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर एबिक की स्थापना की गई है। एबिक का उद्देश्य छात्रों, किसानों, बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे परामर्श, प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन, वित्तीय पोषण, निवेशक, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा प्रदान करना है ताकि वे अपने नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ों रुपए कमा चुके हैं।

## जल्द हम विश्व में तीसरे नंबर पर होंगे : दीपक

मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने कहा कि भारत अभी 3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है। दुनिया का आधा सोना हमारे पास है। जल्द ही जर्मनी और जापान को पीछे छोड़कर भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा। 2047 तक हम विकसित राष्ट्र का सपना देख रहे हैं। ऐसा

## विवि में 240 मकानों का शिलान्यास

राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इससे पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रशिक्षित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का ...

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 22-8-23 | 1 | 5-6 |

## एचएयू में राज्यपाल ने युवा उद्यमी किए सम्मानित



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। - *संबंधित समाचार पेज 4 पर*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-8-23 | 4 | 2-8 |

# युवा यदि आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा : बंडारू दत्तात्रेय

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में पहुंचे राज्यपाल

जागरण संवाददाता, हिसार : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि युवा यदि आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। युवा को चाहिए वह शिक्षा लेकर स्किल में महारत हासिल करें। नवाचार, रिसर्च तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद नौ साल में उद्यमिता में काफी तेजी आई है। वे सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस पर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार स्टार्टअप इंडिया में आगे है। प्रदेश में चार हजार नए स्टार्टअप शुरू हुए हैं। युवाओं को तेजी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार करने में बेटियां भी पीछे नहीं है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल सिस्टम को आज के समय में बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी में उन्होंने एक आचार बेचने वाली उद्यमी से बात की। वह हर माह आचार बेचकर 15 हजार रुपये तक बचा रही है। उनका पूरा ग्रुप है।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राज्यपाल से सम्मानित हुई प्रतिभागी • जागरण

### विवि युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए प्रयासरत : कुलपति

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुलपति ने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ो रुपये कमा चुके हैं। स्नातकोतर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी हरियाणा डा. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

### पांच प्रकार के संगठित क्षेत्र : दीपक

मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने कहा कि पांच प्रकार के संगठित क्षेत्र है। इसमें चार सरकारी और एक कंपनी है, जिसमें करोड़ो लोग नौकरी करते हैं। देश में 29 वर्ष की कम आयु के 74 करोड़ युवा है। आज के समय में करीब सवा छह करोड़ एमएसएमई से उद्यमी है। असंगठित क्षेत्र में रोजगार करने वाले अपनी बुद्धि, पूंजी, मेहनत और जोखिम से काम करते हैं। दीपक ने कहा कि देश में 450 अरब डालर की भारतीय बचत करते है।

### मकानों का किया शिलान्यास



राज्यपाल ने 240 मकानो का शिलान्यास किया। इसके पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## एबिक सेंटर से प्रशिक्षण पाकर किया काम शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : अब उद्यमिता के क्षेत्र में युवा महिलाएं भी अग्रसर हो रही हैं। उद्यमिता की राह युवाओं में कामयाबी की चाह बन गई हैं। इसलिए हर कोई स्टार्टअप करने लगा हैं। युवाओं में महिलाएं ज्यादा भागीदारी निभा रही हैं। घरेलू कामकाज से जुड़े काम को ही उद्यमिता के तौर पर शुरू कर दिया हैं। जैसे कोई आचार तो कोई सिलाई में आगे बढ़ रही हैं। इस उद्यमिता से महिलाएं घर बैठे आय कमाना शुरू कर दिया हैं। युवतियां भी आचार, जूस बनाने से लेकर जैली, जैम का काम शुरू कर उद्यमी बनी हैं। इससे खुद के अलावा दूसरों को भी रोजगार मिला।

एचएयू के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) से प्रशिक्षण पाकर काफी युवाओं ने स्टार्टअप शुरू किया है। कुछ युवा महिला उद्यमी पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसाय कर रही हैं। शुरूआत में घर पर ही काम शुरू किया और आसपास के लोगों को अपने व्यवसाय से जोड़ा। ऐसी महिला उद्यमी पढ़ाई में भी अव्वल हैं। अब उद्यमिता में भी अव्वल बनना चाहती हैं। इन्होंने अपने अलावा घर खर्चा का जिम्मा भी उठा लिया हैं। अब इन्होंने दूसरों को भी उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षण देने की ठानी है। ऐसी ही कुछ महिला उद्यमियों से बातचीत की गई तो बताया कि प्रशिक्षण से काफी कुछ सीखने को मिला। अब वह अपना व्यवसाय बढ़ाएंगे। लोग भी जुड़ रहे हैं।



मैंने अपने घर पर ही मुरब्बा, जैम, आचार बनाने का काम शुरू किया है। मां भी काम में मदद कराती है। अभी मेरी पढ़ाई चल रही है। पढ़ाई पूरी होने के बाद रोजगार को बढ़ाऊंगी। मेरा खुद का खर्चा निकल जाता है। मैंने एचएयू से ही प्रशिक्षण लिया है और अच्छी विधि सीखने को मिली। पहले कास्टिक सोडा ज्यादा डालते थे। इनका तरीका अलग है। अब आचार खराब नहीं होता।

मोनिका, जींद निवासी।



प्रशिक्षण का काफी फायदा मिला है। इनका बनाने का तरीका अलग है। मैंने आचार व जूस का काम शुरू किया है। घर पर जैली व जैम बनाती हूं। इसे बच्चे अच्छे से खाते हैं तो बाहर के खाने से बचने लगे है। इसका खाने का टेस्ट भी अच्छा है। बच्चों को नुकसान नहीं करता। आचार व जूस का हमने एचएयू से प्रशिक्षण लिया था। अभी आय बढ़ना शुरू हुआ है।

पूजा, [illegible] निवासी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-8-23 | 5 | 1-2 |

## देश की गरीबी दूर करने को असंगठित क्षेत्र को करना होगा मजबूत : राज्यपाल



हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आईजी सभागार में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में महिला को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। ● जागरण

**जागरण संवाददाता, हिसार :** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में गरीबी को दूर करने के लिए रोजगार दे रहे असंगठित क्षेत्र को और मजबूत करना होगा। 93 प्रतिशत रोजगार इसी क्षेत्र से मिलता है। शिक्षा-स्किल दोनों जरूरी हैं। शिक्षा के बिना उद्यमिता नहीं बढ़ सकती। उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इससे विकास की गति को तेज कर सकते हैं। युवा रोजगार ढूंढने वाला नहीं रोजगार देने वाला बने। वे सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। राज्यपाल ने कहा कि उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है। स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस दौरान राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक की ओर से प्रकाशित 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22.8.23 | 7 | 5-6 |

### हकृवि के उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा-

# 'उद्यमिता अपनाकर देश की प्रगति में योगदान दें युवा'

हिसार, 21 अगस्त (राठी): राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल समाज को सशक्त बना सकते हैं बल्कि विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरूआत की है।




हकृवि में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के दौरान 240 मकानों का शिलान्यास करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

राज्यपाल सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं बल्कि नए रोजगार भी सृजित करते हैं। कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष 1 करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया गया है। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही अग्रणी काम कर रहा है। कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनैस इनक्यूबेशन सैंटर (एबिक) की स्थापना की गई है। इस सैंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर चुके हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रशिक्षित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय में बनने वाले 240 मकानों का शिलान्यास किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 22-8.23 | 4 | 3-5 |

हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में सम्मेलन आयोजित

## युवा केवल रोजगार देने वाले बनें : राज्यपाल

हिसार, 21 अगस्त (हप्र)

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। युवा केवल रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है।

राज्यपाल आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया।

हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमियता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढने का मौका मिलता है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है।



हिसार : गुजवि में सोमवार को लड़कों के छात्रावास नंबर-4 में पौधारोपण करते राज्यपाल व विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय। -हप्र

### गुजवि में छात्रावास की अंतर्राष्ट्रीय विंग का शिलान्यास किया

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लड़कों के छात्रावास नंबर-4 की अंतर्राष्ट्रीय विंग का उद्घाटन तथा हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विस्तारीकरण का शिलान्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय विंग के निर्माण पर कुल 9 करोड़ 50 लाख की लागत आई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई भी उपस्थित रहे। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान का दौरा भी किया। संस्थान परिसर में स्थापित गुरु जम्भेश्वर महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा मंदिर में पूजा-अर्चना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 22.8.23 | 5 | 1-6 |

# युवा उद्यमिता अपनाकर न केवल रोजगार देने वाले बनें अपितु देश की प्रगति में भी योगदान दें : राज्यपाल

## हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

हिसार, 21 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है। राज्यपाल आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही अग्रणीय काम कर रहा है। कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं है, जिसमें फसल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, चारा उत्पादन, पशुपालन एवं मुर्गी पालन को स्वरोजगार के रूप में शुरू कर कम लागत में भी अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने वर्तमान समय में भारत में विभिन्न व्यवसायों की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इससे पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रशिक्षित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय में बनने वाले 240 मकानों का शिलान्यास किया। इससे पहले छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि स्नात्तकोतर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में हकृवि के अतिरिक्त जिले के विभिन्न स्कूलों व महाविद्यालयों से भारी संख्या में छात्र व छात्राएं भी शामिल हुए।



हकृवि में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के दौरान हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय 240 मकानों का शिलान्यास करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 22-8-23 | 8 | 1-5 |

हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

# युवा उद्यमिता अपनाकर न केवल रोजगार देने वाले बनें अपितु देश की प्रगति में भी योगदान दें: राज्यपाल

**सच कहूँ/संदीप सिंहमार**
**हिसार।**

हरियाणा के महामहिम बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरूआत की है। राज्यपाल आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमियता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित हाएबिक के सफल स्टार्टअपह्न नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इससे पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रशिक्षित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय में बनने वाले 240




हकृवि में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के दौरान राज्यपाल 240 मकानों का शिलान्यास करते हुए।

## विश्वविद्यालय बेरोजगार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत : कुलपति

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुलपति ने बताया कि एबिक का उद्देश्य छात्रों, किसानों, बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों को कृषि एवं संबंध क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे परामर्श, प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन, वित्तीय पोषण, निवेशक, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा प्रदान करना है ताकि वे अपने नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ों रुपये कमा चुके हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 21.08.2023 | -- | -- |

हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

# युवा उद्यमिता अपनाकर देश की प्रगति में भी योगदान दें : राज्यपाल

पांच बजे न्यूज

हिसार। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को स्वायत्तता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है। राज्यपाल आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलता है।





उन्होंने कहा कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया गया है। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही अग्रणीय काम कर रहा है। कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिसमें फसल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, चारा उत्पादन, पशुपालन एवं मुर्गी पालन को स्वरोजगार के रूप में शुरू कर कम लागत में भी अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

**विश्वविद्यालय बेरोजगार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत : कुलपति**

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुलपति ने बताया कि एबिक का उद्देश्य छात्रों, किसानों, बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों को कृषि एवं संबंध क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे फ़ायदे, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन, वित्तीय पोषण, निवेशक, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा प्रदान करना है ताकि वे अपने नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ों रुपये कमा चुके हैं।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने वर्तमान समय में भारत में विभिन्न व्यवसायों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमारे पास उद्यमिता एकमात्र विकल्प है। भारत भूषण ने उपस्थित विद्यार्थियों व शोधार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए उद्देश्य का स्पष्ट होना, सहनशीलता, ईमानदारी, सकारात्मक सोच, सही नजरिया, सहज व स्वतः को हर कार्य के लिए उत्साहित करने जैसे गुणों को अपनाने की बात कही।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई 150 महिलाओं को सहायता सामग्री व प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा एबिक द्वारा प्रकाशित 'एबिक के सफल स्टार्टअप' नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इससे पूर्व उन्होंने हकृवि के एबिक, सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान और स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा प्रायोजित उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय में बनने वाले 240 मकानों का शिलान्यास किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 21.08.2023 | -- | -- |

# युवा उद्यमिता अपनाकर न केवल रोजगार देने वाले बनें अपितु देश की प्रगति में भी अपना योगदान दें : राज्यपाल




[illegible]




## विश्वविद्यालय बेरोजगार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत : कुलपति

[illegible]

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 21.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित



**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय उद्योग को सहायता प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न उद्यमिता संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कोर्सेस की शुरुआत की है। राज्यपाल आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वावलंबी भारत अभियान से दीपक शर्मा और भारत भूषण मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय एवं राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। इसके अलावा राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान स्टार्टअप्स को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस अभियान के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, मेंटरिंग और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमिता के माध्यम से हम न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता की दिशा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि हम समाज में नए रोजगार भी सृजित करते हैं, जिससे समाज को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

## विश्वविद्यालय बेरोजगार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत : कुलपति

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हकृवि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबिक) की स्थापना की गई है जहां प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण देने और व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुलपति ने बताया कि एबिक का उद्देश्य छात्रों, किसानों, बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों को कृषि एवं संबंध क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे परामर्श, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन, वित्तीय पोषण, निवेशक, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा प्रदान करना है ताकि वे अपने नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने बताया कि इस सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त करके 100 से अधिक युवा अपना व्यवसाय शुरू कर करोड़ों रुपये कमा चुके हैं। इसके अतिरिक्त कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान व कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से पिछड़े वर्ग की महिलाओं और युवाओं को विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे अपने सपनों का पीछा करें, सोचने की क्षमता विकसित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने वर्तमान समय में भारत में विभिन्न व्यवसायों की स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमारे पास उद्यमिता एकमात्र विकल्प है। भारत भूषण ने उपस्थित विद्यार्थियों व शोधार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए उद्देश्य का स्पष्ट होना, सहनशीलता, प्रैक्टिकल, सकारात्मक सोच, सही नजरिया, साहस व स्वयं को हर कार्य के लिए उत्साहित करने जैसे गुणों को अपनाने की बात कही।

उन्होंने कहा कुशल भारत मिशन में प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से अधिक युवा शामिल हो रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया गया है। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने में लगातार प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही अग्रणीय काम कर रहा है। कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिसमें फसल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, चारा उत्पादन, पशुपालन एवं मुर्गी पालन को स्वरोजगार के रूप में शुरू कर कम लागत में भी अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।